# <u>प्रेस नोट</u>

# थाना ककरवई,झाँसी

**<u>दिनाँक 27.03.2025</u>**

## <u>शादी कराने का झांसा देकर रूपये ठगने वाले 03 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरफ्तार</u>

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी के कुशल निर्देशन में व श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय व श्रीमान क्षेत्राधिकारी गरौठा महोदय के निकट पर्यवेक्षण में थाना ककरवई पुलिस द्वारा थाना ककरवई मे पंजीकृत मु0अ0सं0 21/2025 धारा 318(4)/61(2)/115(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. रोजी खान पत्नी सगीर 2. जय कुशवाह पुत्र रतन कुशवाह 3. आदित्य श्रीवास पुत्र अजय श्रीवास 4.सगीर पुत्र नसीर निवासीगण जबलपुर (म0प्र0) निवासीगण जबलपुर (म0प्र0) को गिरफ्तार करने के सम्बन्ध में।

**<u>संक्षिप्त विवरण</u>-** दिनाँक 26.03.2025 को वादी श्री डालचन्द्र पुत्र मनीराम निवासी ग्राम बरमाइन उम्र करीब 38 वर्ष के द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र मे बताया कि वादी उपरोक्त की शादी नही हुयी है वह अपनी शादी करना चाहता था इसी दौरान वादी से श्रीमती रानी तिवारी निवासी जबलपुर से सम्पर्क हुआ और उसने बताया कि वह उसकी शादी शादी करा देगी जिसके बदले में रानी तिवारी को एक लाख रूपये देना पड़ेगा। दिनांक 21.03.2025 को रानी तिवारी एक लडकी तथा उसके साथ दो आदमी को लेकर मेरे गाँव बरमाइन आयी तथा बताया कि ये लडकी जिसका नाम रोजी है जो तुमसे शादी करने के लिये तैयार है वादी इसके लिये तैयार हुआ उपरान्त वादी नें श्रीमती रानी उपरोक्त व अन्य दो लोगों को एक लाख रुपये दे दिये जो लेकर चले गये। फिर दिनांक 24.03.2025 की रात्रि समय करीब 02.00 बजे 02 व्यक्ति 1. जय कुशवाह पुत्र रतन कुशवाह 2. आदित्य श्रीवास पुत्र अजय श्रीवास निवासीगण जबलपुर (म0प्र0) मोटरसाइकिल से आये और विवाह करने वाली लड़की रोजी को वादी के साथ मारपीट कर ले जाने लगे। जिससे वादी को जानकारी हुयी कि ये लोग शादी का झाँसा देकर धोखा धडी कर रूपये लेकर कर भाग जाते हैं। ये सभी लोग मिलकर ठगी का कार्य करते हैं। जिसमें रोजी का पति सगीर पुत्र नसीर भी शामिल है।

थाना ककरबई पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1. रोजी खान पत्नी सगीर 2. जय कुशवाह पुत्र रतन कुशवाह 3. आदित्य श्रीवास पुत्र अजय श्रीवास 4.सगीर पुत्र नसीर निवासीगण जबलपुर (म0प्र0) को गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण -**

1. रोजी पत्नी सगीर
2. जय कुशवाह पुत्र रतन कुशवाह
3. आदित्य श्रीवास पुत्र अजय श्रीवास
4. .सगीर पुत्र नसीर

   समस्त निवासीगण जबलपुर मध्य प्रदेश

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

**1. प्रभारी निरीक्षक श्री विनय कुमार साहू थाना ककरबई जनपद झाँसी**

2. उ0नि0 श्री विजय शंकर मिश्रा थाना ककरबई जनपद झाँसी

3. हे0का0 315 रामआसरे थाना ककरबई जनपद झाँसी

4. का0 294 अजय कुमार थाना ककरबई जनपद झाँसी

5. का0 1082 दीपक कुमार थाना ककरबई जनपद झाँसी

6. म0का0 1693 रितिका थाना ककरबई जनपद झाँसी

थाना
ककरबई
जनपद- झाँसी